कार्यालय पुलिस आयुक्त, दिल्ली पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली

संख्या-523 जनसम्पर्क शाखा, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली दिनांक 17.8.2020.

सेवा में,

श्रीमान सम्पादक
नवभारत टाइम्स, बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली– 110002

विषयः– अब 'उड़ता पंजाब, नहीं, साड़ी दिल्ली बन गई नशे का हब शीर्षक के अंतर्गत छपी खबर का खंडन।

महोदय,

कृपया, दिनांक 13 अगस्त, 2020 को आपके समाचार पत्र में उपरोक्त शीर्षक ''उड़ता पंजाब, नहीं, साड़ी दिल्ली बन गई नशे का हब'' तथा उप–शीर्षक ''तलबगार बढ़ने की वजह से विदेशों से भी आ रही है, नशीली इंसाइनमेंट'', के अन्तर्गत छपी खबर का अवलोकन करें। खबर का शीर्षक पूणर्तया भ्रामक है, जिसका दिल्ली पुलिस खंडन करती है।

सर्वप्रथम यह स्पष्ट किया जाता है कि दिल्ली को अवैध मादक पदार्थों के आवागमन (ट्रांजिट प्वांइट) तो कह सकते हैं लेकिन इसे नशे का हब कहना सर्वथा अनुचित होगा। दिल्ली पुलिस की नारकोटिक्स ब्रांच, स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच व स्थानीय पुलिस अपने खुफिया तंत्र की मदद से न केवल स्थानीय स्तर पर सक्रिय है बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संलिप्त गिरोह का पर्दाफाश करती रही है और भारी मात्रा में अवैध मादक द्रव्य पदार्थ भी बरामद करती रही है। इसके साथ ही जिला स्तर पर भी समय–समय पर विशेष अभियान चला कर ऐसे अपराध में लिप्त अपराधियों के खिलाफ भी हमारी पुलिस कार्यवाही करती है। दिल्ली में मादक पदार्थों की खरीद–फरोख्त के लिए कोई संगठित गिरोह सक्रिय नहीं है। ड्रग माफिया ड्रग सप्लाई में जिस प्रकार की तकनीक का उपयोग करते है दिल्ली पुलिस उससे निपटने के लिए अपने मजबूत खुफिया तंत्र और तकनीक का उपयोग कर उन पर सख्त कार्यवाही करने में सफल रही है। इसके साथ ही पुलिस अवैध मादक द्रव्य पदार्थों की आपूर्ति में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी में सभी जरूरी मापदंडों का पालन करती है।

दिल्ली में मादक प्रदार्थ सप्लाई की रोकथाम के लिए दिल्ली पुलिस समय समय यथासंभव कदम उठाती है और हर मामले की तह तक जाकर उसकी जांच करती है। प्रकाशित खबर में पुलिस के जिन जिलों का जिक्र किया गया है केवल उन्हीं जिलों में पुलिस ने 260 मामले दर्ज कर 319 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वर्ष 2019 में दिल्ली पुलिस ने 712 मामले दर्ज कर 909 अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में मादक द्रव्य पदार्थ बरामद करने में शानदार सफलता पाई थी। दिल्ली पुलिस ड्रग माफिया द्वारा अवैध ड्रग सप्लाई में अपनाये जा रहे तरीकों का विश्लेषण कर कानूनी प्रावधानों के तहत उन पर कार्यवाही अमल में लाती है। उसी के परिणामसस्वरूप वर्ष 2020 में वैश्विक महामारी कोविड–19 के लॉकडाउन के दौरान इन मामलों में काफी गिरावट आई है। इसके बावजूद पिछले 7 महीनों में एनडीपीएस अधिनियम के तहत 282 से अधिक मामले दर्जकर नशील पदार्थों की अवैध आपूर्ति में संलिप्त 346 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

दिल्ली पुलिस दिल्ली में नशीले पदार्थों की अवैध आपूर्ति, बिक्री व उसके दुरूपयोग को रोकने के लिए कृत संकल्प है। दिल्ली पुलिस समय समय पर सर्वसाधरण को विज्ञापनों के अलावा अन्य माध्यमों से नशीले पदार्थों के दुरूप्योग के बारे में जागरूक करती है,

विशेषकर किशोर वर्ग के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते है। पुलिस अवैध मादक द्रव्यों की सप्लाई में संलिप्त आपूर्तिकर्ताओं की पहचान करने, महिलाओं और बच्चों को इस धंधे में लिप्त करने का प्रयास करने वालों तथा उनके खिलाफ दर्ज मामलों की पैरवी करने में भी पूरा ध्यान केन्द्रित करती है।

उपरोक्त तथ्यों को मद्देनज़र रखते हुए यह कहना नितांत गलत है कि दिल्ली नशे का हब बन गई है। आपसे आग्रह है कि अपने संवाददाता को निर्देशित करें कि ऐसी संवेदनशील खबर प्रकाशित करने से पूर्व किसी अधिकृत पुलिस अधिकारी से तथ्यों की पुष्टि कर लें, ताकि संबंधित समाचार एक समग्र रूप से पाठकों तक पहुंच सके। अतः आपसे अनुरोध है कि इस स्पष्टीकरण को उचित स्थान पर प्रकाशित करने का कष्ट करें ताकि आपके पाठकों को सही जानकारी मिल सके।

भवदीय

17/8/2020

(डॉ ईश सिंघल) भा.पु.से
जनसम्पर्क अधिकारी
दिल्ली पुलिस, दिल्ली